# जन सुनवाई का कार्यवाही विवरण

भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14/09/2006 व इसकी संशोधित अधिसूचनाओं में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत प्रस्तावित **लाइमस्टोन खनन परियोजना मैसर्स व्हाइट एन व्हाइट मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड, ब्लॉक नं.:– TKSB-38, प्रस्तावित क्षेत्र– 4.80 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ– 300320 टीपीए, निकट गांव– हरिपुरा खोड़वा, तहसील– खींवसर, जिला– नागौर (राज.) में स्थित है, में लाइमस्टोन खनन** की पर्यावरण स्वीकृति हेतु जनसुनवाई जिला कलक्टर, नागौर के प्रतिनिधि उपखण्ड मजिस्ट्रेट, खिंवसर श्री सुनिल पंवार की अध्यक्षता में एवं क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, नागौर के प्रतिनिधि श्री तेजस्व मुद्गल, सहायक पर्यावरण अभियंता की उपस्थिति में **राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, नायकों की ढ़ाणी हरिपुरा, तहसील– खींवसर, जिला– नागौर (राज.)** में दिनांक **22/12/2025 को सायं 04:00 बजे** आयोजित की गई।

जन सुनवाई में उपस्थित व्यक्तियो का विवरण मय हस्ताक्षर **परिशिष्ट "अ"** पर संलग्न है। जनसुनवाई बाबत विज्ञप्ति समाचार पत्र " **द इंडियन एक्सप्रेस** " एवं "**दैनिक भास्कर**" में दिनांक " 18/11/2025" को प्रकाशित करवाई गई थी, जिसकी प्रतियाँ **परिशिष्ट "ब"** पर सलंग्न है। श्री तेजस्व मुद्गल, सहायक पर्यावरण अभियंता, क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, नागौर के क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, नागौर के प्रतिनिधि के तौर पर उपस्थित होने हेतु स्वीकृति पत्र **परिशिष्ट "स"** पर सलंग्न है।

बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, नागौर के प्रतिनिधि ने सभी आगुन्तकों का स्वागत किया। उपखण्ड मजिस्ट्रेट महोदय ने अवगत करवाया कि उक्त जनसुनवाई भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14/09/2006 व इसकी संशोधित अधिसूचनाओं में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय, नागौर द्वारा आयोजित की जा रही है, जिसमें जिला कलेक्टर नागौर की तरफ से उपखण्ड मजिस्ट्रेट, खिंवसर को प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। उक्त जन सुनवाई की सूचना दो समाचार पत्रों में 30 दिवस पूर्व दी जा चुकी है। उपखण्ड मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को बताया गया कि उक्त खनन परियोजना से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी खनन परियोजना के पर्यावरणीय

तकनीकी सलाहकार द्वारा दी जायेगी। सभी जानकारी को ध्यानपूर्वक सुनने के पश्चात उपस्थित आमजन खनन परियोजना के सम्बन्ध में आपत्ति या सुझाव दर्ज करवा सकते है। उक्त जनसुनवाई की विडियोग्राफी भी करवाई जा रही है। जनसुनवाई विडियोग्राफी एवं दिये गये आक्षेप/सुझाव क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) को प्रेषित कर दिये जायेंगे। इसके पश्चात उपखण्ड मजिस्ट्रेट महोदय की अनुमति से प्रस्तावित परियोजना के सम्बन्ध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण हेतु **मैसर्स व्हाइट एन व्हाइट मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड** के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार **मैसर्स आर. के. कन्सल्टेंट्स** को आंमत्रित किया गया।

परियोजना के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार **मैसर्स आर. के. कन्सल्टेंट्स** के प्रतिनिधि द्वारा खनन परियोजना का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया जिसके अन्तर्गत बताया गया कि उक्त खनन परियोजना **निकट गांव– हरिपुरा कोड़वा, तहसील– खींवसर, जिला– नागौर (राज.)** में खनिज– **लाईमस्टोन खनन** हेतु प्रस्तावित है, जिसका **ब्लॉक नं.:– TKSB-38, प्रस्तावित क्षेत्र– 4.80 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ– 300320 टीपीए, निकट गांव– हरिपुरा खोड़वा, तहसील– खींवसर, जिला– नागौर (राज.) में स्थित है,** में **लाईमस्टोन खनन** परियोजना होगी। तत्पश्चात पर्यावरणीय सलाहकार ने खान की अवधि, खान का परिचय, खनन योजना, क्लस्टर परियोजना का विवरण मय नक्शा, खनिज भण्डार, खनन प्रक्रिया, जलवायु, जल बहाव, ढांचा और खनन गतिविधियों के द्वारा जैव विविधता, मिट्टी, पर्यावरणीय, वायु और ध्वनि पर्यावरण पर प्रभाव एवं उनके शमीकरण/रोकथाम के उपायों के बारें में बताया तथा साथ ही पर्यावरणीय मापदंडों की निगरानी कार्यक्रम एवं प्रस्तावित सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर) के बारे में बताया।

खनन इकाई के पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा खनन परियोजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाने के पश्चात उपखण्ड मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित समस्त जनसमूह को इस खनन परियोजना के सम्बन्ध में अपने आक्षेप/सुझाव/आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु आंमत्रित किया।

**सर्वप्रथम श्री सुरेश, निवासी खोड़वा** ने कहा कि उक्त खनन से मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

**श्री लुंबाराम, निवासी खोड़वा** ने कहा कि मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

**श्री सुखराम, निवासी नायकों की ढ़ाणी, हरिपुरा** ने कहा कि बस्ती के इक्कट्ठे होने के बिना जन सुनवाई का कोई मतलब नहीं है। क्षेत्र में जन सुनवाई की सूचना

पर्याप्त नहीं थी। क्षेत्र में हम सभी के खेत बहुत छोटे–छोटे हैं, एक–एक, दो–दो बिघा है। यहां खनन के लिए जमीन नहीं है।

उपखण्ड मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा उपस्थित जन–मानस से प्रस्तावित खनन परियोजना के सम्बन्ध में अपने आक्षेप/सुझाव/आपत्ति मौखिक अथवा लिखित रूप से प्रस्तुत करने हेतु पुनः निवेदन किया गया। अन्त में ग्रामवासियों द्वारा अन्य कोई आपत्ति/आपेक्ष प्रस्तुत नहीं किये जाने पर उपखण्ड मजिस्ट्रेट महोदय ने जनसुनवाई के समापन की घोषणा की एवं उपस्थित जन समुदाय का जन सुनवाई में आने के लिए आभार प्रकट किया। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि जनसुनवाई के दौरान एवं जनसुनवाई के पश्चात ग्राम पंचायत ग्रामवासियों के माध्यम से लिखित में कोई भी आक्षेप इस कार्यालय को प्राप्त नहीं हुआ है।

श्री तेजस्व मुद्गल,
सहायक पर्यावरण अभियंता,
रा.रा.प्र.नि.म., नागौर

(Tejasv Mudgal)
Assistant Environment Engineer
Rajasthan State Pollution Control Board

श्री सुनिल पंवार,
उपखण्ड मजिस्ट्रेट,
खिंवसर

# उपस्थिति पंजिका

लाइमस्टोन खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आयोजित जनसुनवाई में आप सभी का हार्दिक स्वागत है।

लाइमस्टोन खनन परियोजना मैसर्स व्हाइट एन व्हाइट मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड, ब्लॉक नं.:– **TKSB-38,** प्रस्तावित क्षेत्र– 4.80 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ– 300320 टीपीए, निकट गांव– हरिपुरा कोड़वा, तहसील– खींवसर, जिला– नागौर (राज.) में स्थित है।

स्थानः– राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, नायकों की ढ़ाणी हरिपुरा, तहसील– खींवसर, जिला– नागौर (राज.)

दिनाँकः 22.12.2025, समयः सायं 04:00 बजे

| क्र.म. | नाम | पता | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 01 | Sh Sunil Panwar | SDM, Khinwsar | [signature] |
| 02 | Tejasumuagal | AGG, RMCD | [signature] |
| 03 | Ajay Agarwal | Manakpur | [signature] |
| 04 | लोकेन्द्र सिंह | आर के कन्सलटेन्ट, जोधपुर | [signature] |
| 4 | सुमेर | खोड़वा हरीपुरा | सुमेर |
| 5 | प्रेम प्रकाश | खोड़वा | |
| 6 | इन्द्रप्रकाश | हरीपुरा | इन्द्रप्रकाश |
| 7 | रामप्रकाश | खोडवा | [thumb impression] |
| 8. | Siddharth | | [signature] |
| 9 | Surendra | हरीपुरा | Surendra |
| 10 | विरेन्द्र | | VS |
| 11 | किशन | हरीपुरा | [thumb impression] |
| 12 | जीवणराम | हरीपुरा | [thumb impression] |
| 13 | रणजीत | हरीपुरा | Ranjeet |
| 14 | महिपाल | हरीपुरा | [thumb impression] |
| 15 | सुखाराम | खोड़ावा | [signature] |
| 16 | जितेन्द्र | खोडवा | जितेन्द्र |
| 17 | Munna | Khodwa | [signature] |
| 18- | अरविन्द सिंह | Khodwa | [signature] |
| 19 | कैलाश | हरीपुरा | खोडवा |
| 20 | घासीराम | हरीपुरा | [signature] |
| 21 | गजराज | | गजराज |

# उपस्थिति पंजिका

लाइमस्टोन खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आयोजित जनसुनवाई में आप सभी का हार्दिक स्वागत है।

लाइमस्टोन खनन परियोजना मैसर्स व्हाइट एन व्हाइट मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड, ब्लॉक नं.:– **TKSB-38,** प्रस्तावित क्षेत्र– 4.80 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ– 300320 टीपीए, निकट गांव– हरिपुरा कोड़वा, तहसील– खींवसर, जिला– नागौर (राज.) में स्थित है।

स्थान:– राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, नायकों की ढ़ाणी हरिपुरा, तहसील– खींवसर, जिला– नागौर (राज.)

दिनाँक: 22.12.2025, समय: सायं 04:00 बजे

| क्र.म. | नाम | पता | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 22 | सुरेश | खोड़वा | सुरेश |
| 23 | अनीत | ताडावास | अनीत |
| 24 | [illegible] | हरिपुरा | [illegible] |
| 25 | सुरेश | खोड़वा | सुरेश |
| 26 | मुन्ना | खोड़वा | Munna |
| 27 | रविन्द्र | कुवाणा | रविन्द्र |
| 28 | मुलाराम जाट | | |
| 29 | तुलछाराम | नाईक खोड़वा | तुलछाराम |
| 30 | सुरेश | नायक खोड़वा | सुरेश |
| 31 | राकेश | नायक खोड़वा | राकेश |
| 32 | कृपाराम | नायक खोड़वा | कृपाराम |
| 33 | माहिपाल | भूण्डेल खोड़वा | माहिपाल |
| 34 | प्रकाश जोशी | ताडावास | प्रकाश |
| 35 | श्याम | हरिपुरा | [illegible] |
| 36 | सुभाष | खोड़वा | सुभाष |
| 37 | रमेश | हरिपुरा | [illegible] |
| 39 | Anant | Jodhpur | [illegible] |
| 39 | Nawal | Jodhpur | [illegible] |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

Gmail RORPCB NAGAUR <rorpcb.nagaur@gmail.com>

# विषय: मैसर्स व्हाइट एन व्हाइट मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड की लाइमस्टोन खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति पर गंभीर आक्षेप, विस्तृत जानकारी की मांग एवं जनहित याचिका (Public Interest Petition)।

1 message

**Kala Pawan** <pwnkala@gmail.com> 22 November 2025 at 13:14
To: rorpcb.nagaur@gmail.com

सेवा में,
क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (RSPCB)
प्रथम चरण, सहकारी भूमि विकास बैंक,
कॉलेज रोड पुलिस लाइन के सामने,
जिला-नागौर 341001
ईमेल:

संदर्भ: आपका आम सूचना पत्र संख्या RPCB/RO NGR/PUB-226/2915-19, दिनांक 11-11-2025।

माननीय महोदय/महोदया,
मैं, नागौर जिले का एक जिम्मेदार वरिष्ठ नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता हूँ। मैं भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 (स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार) के तहत प्राप्त अधिकारों के प्रति सचेत हूँ और प्रस्तावित लाइमस्टोन खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के संबंध में जनहित में निम्नलिखित गंभीर एवं महत्वपूर्ण आक्षेप तथा मांगों को प्रस्तुत करता हूँ।
हमारा मानना है कि जब तक नीचे दिए गए बिंदुओं पर प्रमोटर द्वारा विश्वसनीय, साक्ष्य-आधारित एवं समयबद्ध कार्य योजना प्रस्तुत नहीं की जाती है, तब तक पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान करना जनहित और पर्यावरणीय न्याय के सिद्धांतों के विपरीत होगा।
खण्ड 'क': प्रमोटर का रिकॉर्ड और अनुपालन (Promoter's Record and Compliance)
मांग संख्या
1: पूर्व स्वीकृति सत्यापन (Verification of Past EC Compliance)
प्रमोटर, मैसर्स व्हाइट एन व्हाइट मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड, द्वारा पूर्व में भारत के किसी भी राज्य में प्राप्त की गई औद्योगिक/खनन पर्यावरण स्वीकृतियों (EC) में निर्धारित शर्तों (Stipulated Conditions) की पालना की वर्तमान स्थिति का स्वतंत्र, सरकारी मान्यता प्राप्त एजेंसी से सत्यापन करवाया जाए। सत्यापन रिपोर्ट को जन सुनवाई से पूर्व सार्वजनिक किया जाए।
मांग संख्या
2: खराब रिकॉर्ड पर जवाबदेही (Accountability on Poor Compliance Record)
यदि प्रमोटर का पूर्व में पर्यावरण नियमों के उल्लंघन या खराब अनुपालन का कोई रिकॉर्ड रहा है, तो इस नई परियोजना में शून्य उल्लंघन (Zero Violation) सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त वित्तीय बैंक गारंटी (Financial Bank Guarantee) जमा करवाई जाए, जिसे नियमों के उल्लंघन पर RSPCB द्वारा जब्त किया जा सके।
खण्ड 'ख': पर्यावरणीय और पारिस्थितिक प्रभाव (Environmental and Ecological Impacts)
मांग संख्या
3: कृषि पारिस्थितिकी पर प्रभाव और शमन (Impact on Agro-Ecology and Mitigation)
प्रस्तावित खनन से उत्पन्न लाइमस्टोन/चूना पत्थर के धूल कणों (Particulate Matter) के फैलाव का वैज्ञानिक मॉडलिंग प्रस्तुत किया जाए।
* यह स्पष्ट किया जाए कि धूल और जल संकट से स्थानीय किसानों की फसलों, फलदार वृक्षों और पशुधन चारे पर पड़ने वाले दीर्घकालिक नकारात्मक प्रभावों का आकलन क्या है?
* इन प्रभावों की रोकथाम के लिए प्रस्तावित शमन उपाय (Mitigation Measures), उनकी प्रभावशीलता की गारंटी और तटस्थ तृतीय-पक्ष मॉनिटरिंग (Third-Party Monitoring) प्रणाली का ब्यौरा दिया जाए।
मांग संख्या
4: वन्यजीव आवास और पुनर्वास (Wildlife Habitat and Rehabilitation Plan)
इस क्षेत्र के स्थानीय पालतू पशुओं और जंगली जीवों (यथा नीलगाय, लोमड़ी, खरगोश, साँप, नेवले आदि) के प्राकृतिक आवास (Habitat), चारागाह और जलस्रोतों पर खनन से पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव का विस्तृत 'जैविक आकलन' (Biological Assessment) प्रस्तुत किया जाए।

* मांग: वन्यजीवों के पुनर्वास (Rehabilitation), सुरक्षित आवागमन गलियारों (Wildlife Corridors) के निर्माण और पर्यावास समाप्ति के निवारण हेतु वन विभाग द्वारा अनुमोदित (Forest Department Approved) एक विस्तृत कार्य योजना अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाए।
मांग संख्या
5: पक्षी संरक्षण और नेस्टिंग साइट्स (Avian Conservation and Nesting Sites)

स्थानीय पक्षियों (मोर, गिद्ध, तोते, चिड़िया आदि) के घोंसले (Nesting Sites) और रोस्टिंग क्षेत्रों (Roosting Areas) को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए क्या संवर्धन और संरक्षण प्रावधान (Enhancement and Conservation Provisions) प्रस्तावित हैं?
मांग संख्या

6: भूजल संसाधनों पर कंपन का प्रभाव (Vibration Impact on Hydro-Geology)
यदि खनन में ब्लास्टिंग प्रस्तावित है, तो स्थानीय नलकूपों, टांकों और बावड़ियों पर धमाकों और भूगर्भीय कंपन के कारण होने वाले ढांचागत और जलधारा (Aquifer) को होने वाले नुकसान का भूवैज्ञानिक (Geo-Hydrological) आकलन प्रस्तुत किया जाए।
* मांग: किसी भी क्षति की स्थिति में प्रमोटर द्वारा त्वरित और पूर्ण क्षतिपूर्ति (Prompt and Full Compensation) तथा मरम्मत की जिम्मेदारी का कानूनी हलफनामा (Legal Affidavit) दिया जाए।

खण्ड 'ग': सामाजिक और रोजगार प्रतिबद्धताएं (Social and Employment Commitments)

मांग संख्या 7: स्थानीय लोगों को रोजगार की गारंटी (Guarantee of Local Employment)
प्रमोटर स्थानीय बेरोजगारों को कैसे और किस अनुपात में रोजगार प्रदान करेगा, इस संबंध में स्पष्ट प्रतिशत, कौशल विकास योजना (Skill Development Plan) और समयबद्ध कार्यान्वयन की रूपरेखा प्रस्तुत की जाए।
* मांग: यह सुनिश्चित किया जाए कि अर्ध-कुशल और अकुशल कार्य (Semi-skilled and unskilled jobs) प्राथमिकता के आधार पर नागौर जिले के निवासियों को ही प्रदान किए जाएँ।

मांग संख्या 8: शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा (Safety of Educational Institutions)
राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नायकों की ढाणी की निकटता को देखते हुए, बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा की सुरक्षा हेतु खनन कार्य को स्कूल की चारदीवारी से निर्धारित दूरी (Stipulated Buffer Zone) से भी अधिक दूरी पर सीमित करने और 24x7 धूल/शोर मॉनिटरिंग की मांग की जाती है।
अतः मेरा यह स्पष्ट और अंतिम अनुरोध है कि जन सुनवाई में इन सभी विस्तृत और विशिष्ट मांगों पर प्रमोटर से सार्वजनिक रूप से जवाब मांगा जाए, और उनके संतोषजनक निराकरण तथा पर्यावरण प्रबंधन योजना (EMP) में शामिल किए जाने तक परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति (EC) को स्थगित रखा जाए।
धन्यवाद।
भवदीय,

पवन कुमार काला,
30,सैनिक बस्ती,
नागौर
M #9413315001

## ... सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़ेंगे



संखवास. टैक्टरों से जाती बारात।

सहायक ट्रस्ट की ओर से एनीमिया मुक्त राजस्थान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें 6 गांवों के 19 महिला-पुरुषों ने भाग लिया। ट्रस्ट से आए कार्यक्रम समन्वयक प्रमोद शिंदे ने बताया कि बच्चों मे एनीमिया की पहचान आंख का सफेद होना, सांस का फूलना, हाथों मे जकड़न, बालों का झड़ना आदि रहता है। भारत में एनएफएचएस 5 (2019 से 2021) के आंकड़े बताते हैं कि राजस्थान तीसरे नंबर पर है। इस रोग से बचने के लिए हर घर में पोषण वाटिका आवश्यक है। जिसमें 13 प्रकार की सब्जियों से वाटिका तैयार करना होगा। संस्थान सचिव धन्नाराम ने बताया कि राजस्थान को एनिमिया मुक्त बनाने के लिए अपने घर में पोषण वाटिका लगानी है। कार्यशाला में प्रधानाचार्य देवाराम, इंद्रचंद व सरस्वती स्कूल के खियांराम, खेताराम पोटलिया, टिकुराम, विकास आदि ने भाग लिया।

ओर से सत्यनारायण, हरीश कुमार, कन्हैयालाल एवं रामअवतार पारीक द्वारा की गई। समारोह में सीकर के सत्यनारायण तिवाड़ी, तिलानेस के रामअवतार पारीक, इड़वा के रामदेव पारीक, राजस्थान ब्राह्मण समाज के बेनी गोपाल शर्मा, तहसील अध्यक्ष घनश्याम पांडिया, पवन पुरोहित, अनिल तिवाड़ी, तेजराज पारीक, राकेश पारीक, हीरालाल तिवाड़ी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## वीं जयंती पर उमड़ा भक्ति का सैलाब

# ाइकिल-रथ यात्रा
# ा ऐतिहासिक स्वागत

### , महाराज की पादूकाओं के किए दर्शन

त किया। यात्रा के रथ में जित संत. नामदेव महाराज की चरण पादुकाओं के दर्शन को की बड़ी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर पहुंचने पर पादुकाओं विधिवत पूजन-अर्चन किया भागवत धर्म प्रचारक सूर्यकांत ने बताया कि यात्रा की शुरुआत बर को पंढरपुर से हुई थी। 111 साइकिल यात्री और मंडली के सदस्य देशभर में नामदेव महाराज के विचार ता, समानता, भक्ति और रे का संदेश लेकर चल रहे हैं। यह यात्रा आठ राज्यों से गुजरते हुए 3 दिसंबर को पंजाब के श्री क्षेत्र घुमान पहुंचेगी, जहां संत नामदेव महाराज की स्मृति में भव्य मंदिर स्थित है। इस दौरान बस्तीराम टेलर, नोरतमल, ओमप्रकाश, नेमीचंद, रामदेव, रामस्वरूप, रामेश्वरलाल, नरसीराम, राजेंद्र कुमार, विष्णु कुमार, महावीर कुमार, कचरूलाल, लक्ष्मीनारायण, मुकेश कुमार, घनश्याम परिहार, पवन, सुनील कुमार, पवन कुमार, प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, आनंद कुमार, रवि कुमार, प्रिंस कुमार मौजूद रहे।

## गौरव सेनानी संस्था का सम्मान सम्मारोह

भास्कर न्यूज़ | मेड़ता सिटी

गौरव सेनानी संस्था मेड़ता द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें संस्था के संरक्षक एवं मेड़ता के पूर्व प्रधान भंवरसिंह चांदावत का भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी द्वारा प्रदान किए गए वेटरन्स एचीवर्स अवॉर्ड के उपलक्ष में सम्मान किया गया। यह अवॉर्ड उन्हें गत 2 अक्टूबर को बीकानेर में सक्रिय सेवा के अलावा सेवानिवृत्ति के बाद भी राजनीति, शिक्षा, सामाजिक सरोकार एवं पूर्व सैनिकों के हितार्थ किए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया था। चांदावत लंबे समय से समाज सेवा, सैनिक कल्याण, ग्रामीण विकास और शिक्षा गतिविधियों में निरंतर सक्रिय रहे हैं।

## 10 छात्राओं के लिए 1,10,000 रुपए का चैक सौंपा

डीडवाना| अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी महिला समिति की सदस्यों ने कॉलेज का निरीक्षण किया। इस वर्ष भी अध्ययनरत 10 छात्राओं के लिए गोद अनुदान योजना के तहत 1,10,000 रुपये का चैक प्रदान किया।

Regional Officer
**RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD**
1st Floor, Sahkari Bhumi Vikas Bank, College Road Opposite Police Line, District-Nagaur 341001, Email: rorpcb.nagaur@gmail.com
**REGISTERED POST/E-MAIL**

RPCB/RO NGR/PUB-226/2915-19 Date : 11-11-2025

**पर्यावरण स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना**

1. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि "लाइमस्टोन खनन परियोजना मैसर्स व्हाइट एन व्हाइट मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड, ब्लॉक नं.:- TKSB-38, प्रस्तावित क्षेत्र 4.80 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ 300320 टीपीए, [illegible] गांव- हरिपुरा, खोड़या, तहसील- खींवसर, जिला नागौर (राज.) में स्थित है, में लाइमस्टोन खनन की पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत प्रस्ताव [illegible] [illegible] पर्यावरणीय अधिप्रभाव आकलन प्राधिकरण, राजस्थान के समक्ष प्रस्तुत किये है। 2. और चुंकि मैसर्स व्हाइट एन व्हाइट मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड को वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 एवं तत्पश्चात् संशोधित अधिसूचनाओं के अनुसार उक्त खनन परियोजना को पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई की आवश्यकता है। 3. और चूंकि उपरोक्त लीज धारक ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के लिए आवेदन किया है। 4. और चूंकि उक्त परियोजना हेतु वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के अनुसार जन सुनवाई हेतु मण्डल द्वारा इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है। 5. उक्त परियोजना से सम्बन्धित संक्षिप्त अभिलेख (पर्यावरण प्रभाव अंकलन एवं सार रिपोर्ट) निम्नांकित कार्यालयों पर अवलोकनार्थ उपलब्ध है:-

1. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय, 4-संस्थानिक क्षेत्र आलाना डूंगरी, जयपुर। 2. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर। 3. क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, जयपुर। 4. जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट, नागौर 5. अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, नागौर 6. खनिज अभियंता, नागौर। 7. जिला शिक्षा अधिकारी, नागौर। 8. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, नागौर। 9. क्षेत्रीय प्रबन्धक, रिको, नागौर। 10. जिला उद्योग केन्द्र, नागौर 11. उपखण्ड मजिस्ट्रेट, खींवसर 12. तहसीलदार, खींवसर | 13. विकास अधिकारी, पंचायत समिति खींवसर | 14. ग्राम पंचायत, बैरावास, तहसील-खींवसर, जिला नागौर। 15. राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नायकों की ढाणी, हरिपुरा, तहसील - खींवसर जिला नागौर। 6. उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई दिनांक 22.12.2025 को सायं 04:00 बजे, स्थान- राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नायकों की ढाणी, हरिपुरा, तहसील- खींवसर, जिला नागौर में आयोजित की जायेगी। अतः सर्वसाधारण को नोटिस के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त दिनांक को प्रस्तावित जन सुनवाई स्थल पर उपस्थित होकर अपने लिखित / मौखिक आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं इस सम्बन्ध में लिखित आक्षेप / सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से जन सुनवाई दिवस तक राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, प्रथम चरण, सहकारी भूमि विकास बैंक, कॉलेज रोड पुलिस लाइन के सामने नागौर में दिये जा सकते हैं।

**भवदीय - राजकुमार मीणा क्षेत्रीय अधिकारी**

# राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

1st फ्लोर सह[illegible] भूमि विकास बैंक, कॉलेज रोड, पुलिस लाईन के सामने, नागौर

पर्यावरण, वन एवं [illegible] परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के नोटिफिकेशन दिनांक: 14 सितम्बर, 2006 की अनुपालनास्वरुप

## [illegible]इमस्टोन खनन परियोजना के लिए

## [illegible]र्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई

दिनांक : 22 दिसम्बर 2025 समय : सांय : 4.00 बजे

स्थान : राजकीय उ.प्रा. विद्यालय, नायकों की ढाणी, हरिपुरा, तहसील–खींवसर, जिला–नागौर

| आवेदक का नाम व पता | ग्राम | तहसील एवं जिला | खनिज | ब्लॉक संख्या | प्रस्तावित उत्पादन | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मैसर्स व्हाइट एण्ड व्हाइट मिनरल्स प्रा.लि ग्राउण्ड फ्लोर, प्लॉट नं. 16/1B [illegible], वीर दुर्गादास कॉलोनी [illegible] | हरिपुरा खोड़वा | खींवसर जिला नागौर | लाइमस्टोन | TKSB -38 | 300320 टन प्रति वर्ष (ROM) | 4.80 हैक्टयर |




लाइमस्टोन खनन परियोजना
GPS Map Camera
Haripura, Rajasthan, India
Xg93+52m, Haripura, Rajasthan 341025, India
Lat 26.967654° Long 73.503528°
Thursday, 18/12/2025 03:02 PM GMT +05:30
Google


लाइमस्टोन
TKSB -38
300320 टन प्रति वर्ष (ROM)
4.80 हैक्टयर
clideo.com


clideo.com


clideo.com


clideo.com


clideo.com


clideo.com


clideo.com


clideo.com


clideo.com





राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
लाइमस्टोन खनन परियोजना के लिए
पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई
दिनांक: 22 दिसम्बर 2025 समय: सांय: 4.00 बजे
हरिपुरा
खोड़वा
खींवसर
जिला
नागौर
लाइमस्टोन
TKSB -38
300320 टन प्रति वर्ष (ROM)
4.80 हैक्टयर
GPS Map Camera
Haripura, Rajasthan, India
Xg93+52m, Haripura, Rajasthan 341025, India
Lat 26.967626° Long 73.503545°
Thursday, 18/12/2025 03:02 PM GMT +05:30
Google